# गुजर जाएगा जीवन प्रभु के सहारे

गुजर जाएगा जीवन,
प्रभु के सहारे,
भजन करले प्यारे,
भजन करले प्यारे,
गुजर जायेगा जीवन,
प्रभु के सहारे।bd।

तर्ज – नहीं चाहिए दिल दुखाना।

---

वो चाहे तूफानों में,
नैया चला दे,
गरम रेत में प्यारे,
फूल खिला दे,
कर्मो का अपने,
कर्मो का अपने,
जतन करले प्यारे,
गुजर जायेगा जीवन,
प्रभु के सहारे।bd।

---

वो सुनता है सबकी,
तेरी भी सुनेगा,
जीवन की राहों में,
संग चलेगा,
दूर तू दिल के करले,
दूर तू दिल के करले,
वहम अपने सारे,
गुजर जायेगा जीवन,
प्रभु के सहारे।bd।

---

माया के बंधन अपने,
करले तू ढीले,
प्रभु नाम का प्यारे,
अमृत तू पिले,
सेवा का साँचा,
सेवा का साँचा,
नियम करले प्यारे,
गुजर जायेगा जीवन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रभु के सहारे।bd।

चिंतन तू करले प्रभु का,
चिंता मिटेगी,
कहता है ‘रोमी’ कोई,
कमी ना रहेगी,
संचित जहाँ में सच्चा,
संचित जहाँ में सच्चा,
धन करले प्यारे,
**Bhajan Diary Lyrics,**
गुजर जायेगा जीवन,
प्रभु के सहारे।bd।

---

गुजर जाएगा जीवन,
प्रभु के सहारे,
भजन करले प्यारे,
भजन करले प्यारे,
गुजर जायेगा जीवन,
प्रभु के सहारे।bd।

स्वर / रचना – रोमी जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com